असर | अतिक्रमण से वीरगंज बाजार में निकलना हो रहा था मुश्किल, हिन्दुस्तान की खबर का हुआ असर, हटवाया गया अतिक्रमण

वीरगंज बाजार में अतिक्रमण पर हुई कार्रवाई

जमुनहा, संवाददाता। अतिक्रमण से कराह रहे वीरगंज बाजार को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। गुरुवार के अंक में हिन्दुस्तान ने सड़क पर अतिक्रमण बन रहा परेशानी शीर्षक से खबर प्रकाशित किया। खबर का संज्ञान लेकर तहसीलदार ने पुलिस के साथ सड़क व पटरियों को अतिक्रमण से मुक्त कराया साथ ही चेतावनी भी दी।

जमुनहा तहसील क्षेत्र के मल्हीपुर बैरियर चौराहा से वीरगंज बाजार व ब्लाक मुख्यालय को जोड़ने वाले मार्ग तथा वीरगंज बाजार से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक जाने वाले मार्ग पर लंबे समय से अतिक्रमण की समस्या बनी हुई थी। दुकानदारों की ओर से

वीरगंज में अतिक्रमण हटवाती पुलिस

सड़क पर सामान रखना, ग्राहकों के वाहनों की अनियंत्रित पार्किंग और ठेले-खोमचों के कारण मार्ग बाधित रहता था। अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था बेपटरी हो गई थी और जाम की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा था। लोगों की समस्या को देखते हुए हिन्दुस्तान ने गुरुवार के अंक में सड़क पर अतिक्रमण बन रही परेशानी शीर्षक से खबर प्रकाशित किया। खबर का असर हुआ और गुरुवार को ही नायब तहसीलदार जमुनहा शुभम तिवारी, मल्हीपुर थानाध्यक्ष जयहरि मिश्रा, यातायात प्रभारी मोहम्मद शमीम भारी संख्या में पुलिस टीम के साथ वीरगंज बाजार पहुंच गए। पुलिस ने सड़क व सड़क की पटरियों पर से अतिक्रमण का हटवाया। साथ ही इस दौरान दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी गई कि दोबारा पटरी व सड़क पर अतिक्रमण करते पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी। दुकानदारों से अपील की गई कि अतिक्रमण से लोगों को समस्या होती है। इसलिए सड़क की पटरियों पर सामान न रखें। थानाध्यक्ष जयहरि मिश्रा ने चेतावनी देते हुए कहा कि अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सात वर्षीय बालक की हत्या का आरोपित गिरफ्तार

- आरोपित ने क्षुब्ध होकर आक्रोश व हताशा में की थी हत्या
- हरदत्तनगर पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

संसू, जागरण • श्रावस्ती: हरदत्तनगर गिरंट पुलिस व एसओजी टीम ने छेदा गांव में सात वर्षीय बालक की हत्या का 24 घंटे में राजफाश कर दिया। पुलिस टीम ने हत्या के आरोपित गांव के निवासी दीपू को लालू भट्ठे के सामने उम्मेदपुरवा निजी बस स्टाप से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को कोर्ट से जेल भेजा गया है।

एसपी घनश्याम चौरसिया ने हरदत्तनगर गिरंट क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेगमपुर के छेदा गांव में मंगलवार को सुबह घर से खेलने के निकला सात वर्षीय बालक लापता हो गया था। काफी तलाश के बाद घर से लगभग चार सौ मीटर दूर स्थित अरहर के खेत में उसका शव पड़ा मिला था। इस मामले में पिता की तहरीर पर हरदत्तनगर गिरंट थाने में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया था। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई थी।

हरदत्तनगर गिरंट थाने में पुलिस हिरासत में हत्यारोपित • जागरण

एएसपी प्रवीण कुमार यादव व सीओ भिनगा संतोष कुमार के नेतृत्व में हरदत्तनगर गिरंट थाने के थानाध्यक्ष शैलकांत उपाध्याय व एसओजी की संयुक्त टीम ने बालक की गला दबाकर हत्या करने वाले छेदा गांव के ही आरोपित दीपू को गिरफ्तार कर लिया है।

पूछताछ में आरोपित ने बताया कि मेरी शादी तीन वर्ष पूर्व हुई थी। मेरे कोई संतान नहीं थी। मेरी पत्नी के दो बार गर्भवती होने के बाद गर्भपात हो गया था। इससे मैं व मेरी पत्नी काफी परेशान रहते थे। इसके उपाय के लिए मैने झाड़-फूंक करने वाले कई लोगों का सहारा लिया। उन लोगों ने बताया कि तुम्हारे पड़ोसियों ने टोटका कराया है। मेरे कोई संतान न होने का कारण मेरे पड़ोसी मेलेराम व उनकी पत्नी पूनम मुझे चिढ़ाते थे। इस बात से क्षुब्ध होकर आक्रोश व हताशा में बुधवार को मेलेराम का लड़का अरुण जो मेरे घर के पास खेल रहा था, उसे अपने साथ दुकान ले गया। यहां उसे नमकीन खरीद कर दिलवाई, फिर उसको अपने साथ अरहर के खेत के अंदर ले जाकर गला दबाकर उसकी हत्या दी। हत्या करने के बाद मैं काफी डर गया था, इसलिए घर से भाग गया था। गिरफ्तारी टीम में एसओजी प्रभारी नितिन यादव, मुख्य आरक्षी अवनीश विक्रम सिंह, आरक्षी विरेंद्र यादव, अभिषेक सिंह व रिषभ गौड़ शामिल रहे।